भारत सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4359
(उत्तर देने की तारीख 18.03.2026)

सीएसआईआर प्रयोगशालाएं

4359. श्री गिरिधारी यादव:

क्या ***विज्ञान और प्रौद्योगिकी*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश में सीएसआईआर प्रयोगशालाओं की स्थापना के स्थानों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश का तीसरा सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद बिहार में अभी भी सीएसआईआर की एक भी प्रयोगशाला नहीं है;

(ग) क्या सरकार का राज्य के युवा छात्रों के भविष्य को सुनिश्चित करने और छात्रों के प्रवास को रोकने के लिए बिहार में सीएसआईआर प्रयोगशाला स्थापित करने का विचार है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

माननीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) देश भर में स्थापित वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की घटक प्रयोगशालाओं/संस्थानों की सूची उनके वर्तमान स्थान के साथ **अनुलग्नक –I** में दी गई है।

(ख) वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की तीन घटक प्रयोगशालाएं नामशः सीएसआईआर–राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर–एनएमएल), जमशेदपुर (1950 में स्थापित), पूर्ववर्ती सीएसआईआर–केंद्रीय खनन अनुसंधान संस्थान, धनबाद (1956 में स्थापित) और सीएसआईआर–केंद्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद (1946 में स्थापित) पहले बिहार में ही स्थित थीं। तथापि, जब 15 नवंबर 2000 को बिहार के दक्षिणी भाग से झारखंड को अलग किया गया, तब जमशेदपुर और धनबाद जिलों को झारखंड का हिस्सा बना दिया गया और तदनुसार, इन प्रयोगशालाओं को झारखंड राज्य का भाग माना गया।

इसके बाद, अप्रैल 2007 में, पूर्ववर्ती संस्थानों यथा सीएसआईआर–केंद्रीय खनन अनुसंधान संस्थान, धनबाद और सीएसआईआर–केंद्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद की मूल दक्षताएं समेकित कर सीएसआईआर–केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीआईएमएफआर), धनबाद का गठन किया गया था।

(ग)तथा (घ) वर्तमान में बिहार सहित देश के किसी भी राज्य में सीएसआईआर द्वारा अनुसंधान एवं विकास संबंधी प्रयोगशाला स्थापित करने की कोई योजना नहीं है।

****

अनुलग्नक–I

सीएसआईआर की राष्ट्रीय प्रयोगशालाएं/संस्थान

क्र.सं.	प्रयोगशाला/संस्थान
1	सीएसआईआर–प्रगत पदार्थ तथा प्रक्रम अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–एएमपीआरआई), भोपाल
2	सीएसआईआर–केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीबीआरआई), रुड़की
3	सीएसआईआर–केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीडीआरआई), लखनऊ
4	सीएसआईआर–कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र (सीएसआईआर–सीसीएमबी), हैदराबाद
5	सीएसआईआर–केंद्रीय विद्युत रसायन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीईसीआरआई), कारैकुड़ी
6	सीएसआईआर–केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीईईआरआई), पिलानी
7	सीएसआईआर–केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीएफटीआरआई), मैसूर
8	सीएसआईआर–केंद्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीजीसीआरआई), कोलकाता
9	सीएसआईआर–केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान (सीएसआईआर–सीआईएमएपी), लखनऊ
10	सीएसआईआर–केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीआईएमएफआर), धनबाद
11	सीएसआईआर–केंद्रीय चमड़ा अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीएलआरआई), चेन्नै
12	सीएसआईआर–केंद्रीय यांत्रिक अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीएमईआरआई), दुर्गापुर
13	सीएसआईआर–केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीआरआरआई), नई दिल्ली
14	सीएसआईआर–केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (सीएसआईआर–सीएसआईओ), चंडीगढ़
15	सीएसआईआर–केंद्रीय नमक एवं समुद्री रसायन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीएसएमसीआरआई), भावनगर
16	सीएसआईआर–जीनोमिकी और समवेत जीव विज्ञान संस्थान (सीएसआईआर–आईजीआईबी), दिल्ली
17	सीएसआईआर–हिमालय जैवसम्पदा प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर–आईएचबीटी), पालमपुर
18	सीएसआईआर–भारतीय रासायनिक जीवविज्ञान संस्थान (सीएसआईआर–आईआईसीबी), कोलकाता
19	सीएसआईआर–भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर–आईआईसीटी), हैदराबाद
20	सीएसआईआर–भारतीय समवेत औषध संस्थान (सीएसआईआर–आईआईआईएम), जम्मू
21	सीएसआईआर–भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (सीएसआईआर–आईआईपी), देहरादून
22	सीएसआईआर–भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–आईआईटीआर), लखनऊ
23	सीएसआईआर–खनिज एवं पदार्थ प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर–आईएमएमटी), भुवनेश्वर
24	सीएसआईआर–सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर–आईएमटीईसीएच), चंडीगढ़
25	सीएसआईआर–राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएँ (सीएसआईआर–एनएएल), बेंगलुरु
26	सीएसआईआर–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–एनबीआरआई), लखनऊ
27	सीएसआईआर–राष्ट्रीय रासायनिक प्रयोगशाला (सीएसआईआर–एनसीएल), पुणे
28	सीएसआईआर–राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–नीरी), नागपुर
29	सीएसआईआर–उत्तर–पूर्व विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर–एनईआईएसटी), जोरहाट
30	सीएसआईआर–राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–एनजीआरआई), हैदराबाद
31	सीएसआईआर–राष्ट्रीय अंतर्विषयी विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर–एनआईआईएसटी), तिरुवनंतपुरम
32	सीएसआईआर–राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान (सीएसआईआर–एनआईओ), गोवा
33	सीएसआईआर–राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–एनआईएससीपीआर), नई दिल्ली
34	सीएसआईआर–राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (सीएसआईआर–एनएमएल), जमशेदपुर
35	सीएसआईआर–राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (सीएसआईआर–एनपीएल), नई दिल्ली
36	सीएसआईआर–संरचनात्मक अभियांत्रिकी अनुसंधान केंद्र (सीएसआईआर–एसईआरसी), चेन्नै
37	सीएसआईआर–चौथा पैराडाइम संस्थान(सीएसआईआर–4पीआई), बेंगलूर